सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 12 अंक : 25 | इंदौर, शुक्रवार 14 अगस्त, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए


## स्वतंत्रता दिवस विशेष

## खुली चिट्ठी

पुष्पेन्द्र पुष्प

भारत अपनी नैतिकता, अपने श्रम, अपने जुझारूपन और हिंदुत्व के सींचे हुए संस्कारों के कारण भारत है।

वर्तमान भारत की प्रगति में हम सबके तीन पीढ़ियों वाले पुरखे दफ़न हैं।

प्रत्येक शासक को यही लगता है कि उसे एक ग़रीब राज्य मिला है। लेकिन इतिहास का कोई भी मोड़ इतना लाचार नहीं होता कि कोई देश स्वयं को संभाल न सके।

इतिहास की कोई जगह कभी ख़ाली छूट ही नहीं सकती। इसलिए सम्मान अपनी जगह है और देश का गौरव अपनी जगह।

भारत न नेहरू के भरोसे था न मोदी के भरोसे है। भारत अपनी नैतिकता, अपने श्रम, अपने जुझारूपन और हिंदुत्व के सींचे हुए संस्कारों के कारण भारत है।

इसलिए भारत माता की जय कहते हुए मेरी आंखों के सामने कोई तस्वीर नहीं उभरती। बल्कि उस जीवट की तस्वीर उभरती है कि एक व्यक्ति काँवड़ पर बिठाकर अपने माता – पिता को चार धाम ले जा रहा है और उसी समय सरकारी स्कूल में घंटी बजाने वाला चपरासी तीन बसें बदलकर विद्यालय समय पर पहुँच रहा है कि स्कूल समय पर खुलना चाहिए!

**भारत माता की जय!**

**वन्दे मातरम!**

### अवकाश की सूचना

स्वतंत्रता दिवस की सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, शुभचिंतकों एवं स्नहियों को हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं। 15 अगस्त 2026 को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में डिटेक्टिव ग्रुप कार्यालय में अवकाश रहेगा।

\- संपादक



● जिस क्षेत्र में हुआ था जेन जी का बड़ा आंदोलन, वहां

# युवाओं ने निकाली तिरंगा यात्रा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।इंदौर में पिछले दिनों भंवरकुआं क्षेत्र में नीट परीक्षा में धांधली को लेकर विद्यार्थियों ने प्रदेश का सबसे बड़ा आंदोलन किया था। वहां गुरुवार को हजारों विद्यार्थी एकत्र हुए और राष्ट्रपथ तिरंगा यात्रा निकाली और देशभक्ति का परिचय दिया। वंदे मातरम् गीत के डेढ़ सौ वर्ष पूरे होने पर यह तिरंगा यात्रा निकाली गई थी।**

गुरुवार दोपहर तीन बजे देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के खंडवा रोड स्थित परिसर के गेट पर विद्यार्थी एकत्र हुए। सभी ने हाथों में तिरंगा थाम रखा था। कुछ छात्रों के हाथों में देशभक्ति के नारों की तख्तियां थीं।

इस यात्रा में आसपास के शैक्षणिक संस्थानों के छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए और देशभक्ति के नारे भी लगाए। तिरंगा यात्रा खंडवा रोड से राजीव गांधी चौराहा पहुंची और फिर भंवरकुआं चौराहे पर आई और समाप्त हुई। यह यात्रा हर घर तिरंगा यात्रा के तहत निकाली गई।इस यात्रा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी शामिल हुए और पूरे समय तिरंगा झंडा थामे चले।

### भारत में वंदे मातरम् नहीं गाने वालों की फौज बढ़ रही है

मंत्री विजयवर्गीय श्रमिक क्षेत्र से निकली एक तिरंगा यात्रा में भी शामिल हुए और उन्होंने मंच पर संबोधित करते हुए कहा कि आजादी पाने के लिए वंदे मातरम् का गीत खून से रंगा है, लेकिन भारत में वंदे मातरम् नहीं गाने वालों की फौज खड़ी हो गई है। लेकिन उन लोगों को हमारा साफ कहना है कि भारत में रहना है तो वंदे मातरम् कहना होगा।

# राष्ट्रपथ निकली तिरंगा यात्रा

● हाथों में तिरंगा लेकर बड़ी संख्या में शामिल हुए लोग



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। वंदेमातरम गीत के 150 साल के अवसर पर इंदौर के संकल्पित युवा-विकसित भारत के जयघोष के साथ राष्ट्रपथ तिरंगा यात्रा निकली। राष्ट्र की स्वाधीनता और भारतवासियों को राष्ट्रभक्ति और राष्ट्र उत्कर्ष की प्रेरणा देने वाले वंदे मातरम गीत के 150 वें वर्ष के अवसर पर राष्ट्र पथ तिरंगा यात्रा समिति के माध्यम से पूरे इंदौर के युवाओं और लोगों की तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया।**

यह यात्रा देवी अहिल्या विश्वविद्यालय (तक्षशिला) परिसर से शुरू होकर भंवरकुआं पर टंट्यामामा प्रतिमा से राजीव गांधी चौराहे से वापस भंवरकुआं होते हुए वापस देवी अहिल्या विश्वविद्यालय पर सामूहिक वंदे मातरम गीत के साथ समाप्त होगी। इस यात्रा में बड़ी संख्या में लोग और जनप्रतनिधि शामिल हो रहे हैं। इंदौर में राष्ट्रपथ तिरंगा यात्रा से पहले मंच से देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियां दी गईं। कलाकारों की प्रस्तुति पर कार्यक्रम में मौजूद लोग उत्साह बढ़ाया गया। मौके पर बड़ी संख्या में युवा और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मासूम अनिका को बचाने एकत्र हुए आठ करोड़ रुपये

## डॉलर के दाम बढ़ने से इंजेक्शन हो गया महंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इदौर**। इंदौर की अनिका शर्मा के लिए अब तक 8 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि उसके माता-पिता ने क्राउड फंडिंग से जुटा ली है, लेकिन डॉलर के रेट बढ़ने से अमेरिका से मंगाए जाने वाले इंजेक्शन की कीमत में बदलाव आया है। अब उस इंजेक्शन को मंगाने के लिए 9 करोड़ रुपये से अधिक की जरूरत होगी। अब माता-पिता को इंतजार है कि जिन लोगों ने राशि देने का वादा किया था, वे भी जल्द राशि उपलब्ध करा दें, ताकि उनकी बेटी का इलाज जल्द शुरू हो सके।



इंदौर की अनिका शर्मा SMA Type-2 बीमारी से पीड़ित है। इसके इलाज के लिए 9 करोड़ रुपये का इंजेक्शन लगेगा, जो अमेरिका से आना है। पिछले कई महीनों से अनिका की मां सरिता और पिता प्रवीण ने कई लोगों के साथ मिलकर क्राउड फंडिंग की और इस क्राउड फंडिंग से करोड़ों रुपये बेटी के इलाज के लिए जमा कर लिए। इंदौर में सबसे ज्यादा उन्हें मदद मिली। इसके बाद वे मुंबई भी गए और वहां से कई लोगों ने उन्हें मदद की, लेकिन अभी भी उतनी राशि नहीं जुट पाई है, जितनी इंजेक्शन खरीदने के लिए जरूरी है। मासूम अनिका का मामला इंदौर हाईकोर्ट तक भी पहुंच चुका है और कोर्ट ने सरकार को मदद करने के लिए कहा है। जब माता-पिता को पता चला कि अनिका को यह बीमारी है, तो उन्होंने इलाज के बारे में जानकारी जुटाई। अनिका मध्यमवर्गीय परिवार से है। उसकी बीमारी के इलाज के लिए एक इंजेक्शन जरूरी है, जिसकी कीमत 9 माह पहले साढ़े 8 करोड़ रुपये थी। अब उस इंजेक्शन की कीमत बढ़कर 9 करोड़ रुपये हो गई है। अनिका को वह इंजेक्शन तभी दिया जा सकता है, जब उसका वजन साढ़े 13 किलो से कम हो। माता-पिता के लिए पैसे जुटाने के अलावा अनिका का वजन कम रखना भी चुनौती से कम नहीं है। उसे कम कैलोरी की डाइट देकर वजन को नियंत्रित किया गया है। फिलहाल उसका वजन साढ़े 11 किलो हो चुका है।

# 7 दिन बाद भी लापता अद्वैत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। बेंगलुरु की शिवगंगे पहाड़ी पर ट्रेकिंग करने गए इंदौर निवासी अद्वैत उपाध्याय का 7 दिन बाद भी कुछ पता नहीं चला है। उसकी तलाश में पुलिस, ग्रामीण और वन विभाग के कर्मचारी भी जुटे हैं। अद्वैत की मंगेतर भी बेंगलुरु में रहती है। जब वह ट्रेकिंग करने गया था, तब उसने अपनी मंगेतर से बात की थी और कहा था कि वह दोपहर तक लौट आएगा। लेकिन दोपहर में उसका फोन स्विच ऑफ मिला, तो मंगेतर ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस यह भी पता कर रही है कि अद्वैत के साथ लूट की घटना तो नहीं हुई है। हालांकि, जिस इलाके में वह गया था, वहां पहले कभी आपराधिक घटनाओं के मामले ज्यादा सामने नहीं आए हैं। अद्वैत का मोबाइल फोन, ड्रोन और स्वेटर भी पुलिस को पहाड़ी से मिला है। पुलिस को बुधवार दोपहर ड्रोन में एक आकृति दिखाई दी थी, लेकिन यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि वह किसी मानव का शव है या किसी पशु का। पहाड़ी पर घना जंगल और लगातार बारिश होने के कारण खोजबीन अभियान में परेशानी आ रही है।

# साथी हमारा कौन बनेगा, तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा...

## मालवा जर्नलिस्ट फोरम द्वारा संगीत संध्या गीत गाता चल का आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मालवा जर्नलिस्ट फोरम द्वारा प्रीतमलाल दुआ सभागृह में संगीत संध्या गीत गाता चल का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में 20 से अधिक मीडियाकर्मियों और कलाकारों ने सदाबहार गीतों की दमदार प्रस्तुति दी। यह जानकारी अध्यक्ष लोकेंद्रसिंह थनवार और सचिव प्रवीण जोशी ने दी।**




कार्यक्रम की शुरुआत अलिशा मैथ्यू द्वारा खाटू श्यामजी का भजन साथी हमारा कौन बनेगा, तुम ना सुनोगे तो कौन सुनेगा से हुई। उसके बाद गायक मयंक थनवार ने अपनी आज़ादी को हरगिज, सुरेश दुर्वे ने नाम गुम जायेगा, मनीष श्रीवास्तव ने गीत गाता चल, मनीष शर्मा ने ए मेरे प्यारे वतन, सुमित मुस्ताफ़ी ने ना तुम हमे जानो, दिनेश दुर्वे और अश्विनि दीपक ने चुरा लिया है तुमने, सुधीर वर्मा और अनुमति शर्मा ने जाने जा ढूंढता फिर रहा, सुल्तान किरमानी ने चिंगारी कोई भड़के, विनेश खरे ने कर चले हम फिदा, ओम प्रकाश भारती ने मुसाफिर हूं यारो, सौरभ सुराणा आओगे तुम जब साजना, रमेश कुशवाह ने तेरा पीछा ना छोड़ूंगा, स्नेहा गंधे ने होठो पे ऐसी बात गाकर माहौल को संगीतमय कर दिया। कार्यक्रम में देश भक्ति के तराने सहित 35 गीतों की शानदार प्रस्तुति हुई। सभी कलाकारों का स्वागत तुलसी का पौधा भेंट कर और दुपट्टा पहना कर लोकेंद्रसिंह थनवार और सरिता शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में फिल्म अभिनेत्री सारिका दीक्षित, इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष दीपक कर्दम, इंदौर प्रेस क्लब पूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी, डॉ. महेश साहू, डॉ. राजेश अग्रवाल, डॉ. दीप्ति सिंह हाड़ा, श्रुति राजीव शर्मा, पुरुषोत्तम वाघमारे, मंगल सिंह सहित बड़ी संख्या में रसिकजन उपस्थित थे।

# इंदौर के ट्रिपल लेयर ब्रिज के एक हिस्से को ट्रैफिक के लिए खोला

● रोज होता था यातायात बाधित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में बन रहे प्रदेश के पहले ट्रिपल लेयर ब्रिज की एक भुजा बुधवार को ट्रैफिक के लिए खोल दी गई। इससे देवास से राऊ की तरफ जाने वाले वाहन चालकों को राहत मिली है। बीते तीन साल से रोज मुख्य लेन बंद होने के कारण सर्विस रोड पर यातायात बाधित होता था। अभी एक तरफ का ट्रैफिक सर्विस रोड से ही निकल रहा है। चार माह के बाद दूसरी भुजा भी ट्रैफिक के लिए खोल दी जाएगी। तब बायपास से इंदौर की तरफ आने वाले वाहनों को भी आसानी होगी।**



इंदौर का एमआर-10 जंक्शन राष्ट्रीय राजमार्गों का तिराहा है। इस कारण यहां राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने थ्री लेयर ब्रिज बनाने का फैसला तीन साल पहले लिया था। इस प्रोजेक्ट पर 200 करोड़ रुपये से अधिक की राशि खर्च हुई है। जो वाहन इंदौर की तरफ आना चाहते हैं, वे मध्य हिस्से के ब्रिज का उपयोग करेंगे; जबकि जो वाहन सीधे राऊ की तरफ जाना चाहते हैं, वे ऊपरी ब्रिज का उपयोग कर सकेंगे। इसके अलावा इंदौर से हरदा की तरफ जाने वाले वाहन अंडरपास से होकर जाएंगे। अंडरपास से गुणावत गांव तक राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एक बायपास तैयार कर रहा है, जो 15 किलोमीटर के बाद इंदौर-हरदा रोड से जुड़ेगा। इस ब्रिज से एबी रोड, इंदौर-अहमदाबाद हाईवे और इंदौर-हरदा हाईवे सीधे जुड़ रहे हैं। सांसद शंकर लालवानी ने कहा कि छह माह के भीतर तीनों ब्रिज ट्रैफिक के लिए खुल जाएंगे।

### पहले ही दिन उखड़ने लगा डामर

ट्रैफिक के लिए जिस भुजा को खोला गया है, उस सड़क का डामर पहले ही दिन किनारे से उखड़ता नजर आया। दरअसल सड़क के किनारे रिटेनिंग वॉल अभी नहीं बनी है, इस कारण भी डामर किनारे से उखड़ रहा है।

## बात मुद्दे की

**माना कि तुम्हें कुत्ते पालने का शौक है। माना कि तुम बड़के पशुप्रेमी हो। पर तुम जर्मन शेफर्ड, रॉट विलर और पिटबुल क्यों पालते हो? तुम नवाब हो? तुम शिकार पर जाते हो? तुम्हें अपनी रियासत की रक्षा करनी है? तुम्हारे घर पर डकैत आ रहे हैं? चंबल के बागी तुम्हारी सोसायटी में घुसने वाले हैं? ददुआ आने वाला है? कौन आ रहा है, जिसके लिए तुमने इन खूंखार कुत्तों को पाल रखा है? भला वह कौन सी मानसिकता है? तुम राजा हो?**

**वस्तुत: तुम एक तामसिक वृत्ति के कुंठित मनोरोगी हो! यह एक तमस है। भीतर की दबी हुई कायरता, एक मनोरोग! तुमने इसे रॉयल मान लिया है? सोसायटी के दो-तीन कमरों के फ्लैट में तुम खूंखार कुत्ते पालते हो। मुहल्ले में जहां एक घर दूसरे घर से लगते हैं, जहां लोग यूं ही आते-जाते हैं, बच्चे खेलते हैं, स्त्रियां आती-जाती रहती हैं, बूढ़े घूमने-फिरने निकलते हैं, वहां इन कुत्तों के साथ तुम क्या साबित करने निकले हो? यह एक क्रिमिनल मानसिकता है।**

**(सोशल मीडिया से साभार)**

# दो युवतियों से रेप के केस

## लिवइन में रखकर शादी से किया इनकार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। भंवरकुआ इलाके में दो युवतियों से शादी का झांसा देकर रेप के मामले सामने आए हैं। दोनों मामलों में पुलिस ने बुधवार को एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है। एक मामले में आरोपी युवती को लिवइन में रखकर शादी की बात टालता रहा, जबकि दूसरे मामले में आरोपी ने शादी से इनकार कर पीड़िता का नंबर ब्लॉक कर दिया।

पुलिस के मुताबिक 22 साल की युवती की शिकायत पर अजय पुत्र शंकर मंसारे के खिलाफ रेप की एफआईआर दर्ज की गई है। युवती ने बताया कि अजय उसके इलाके में ही रहता है और 2024 में दोनों की पहचान हुई थी। जुलाई 2024 में अजय ने युवती से कहा कि वह उसे पसंद करता है और उससे शादी करना चाहता है। इसके बाद दोनों साथ रहने लगे और पिपल्यापाला में किराए का फ्लैट ले लिया। पीड़िता के मुताबिक साथ रहने के दौरान दोनों के बीच कई बार संबंध बने। युवती शादी के बारे में बात करती रही, लेकिन अजय हर बार बात टालता रहा। 20 जून 2026 को अजय ने शादी करने से इनकार कर दिया और कमरा छोड़कर चला गया। इसके बाद युवती ने परिजनों को पूरी बात बताई और पुलिस में शिकायत की। दूसरे मामले में शेफ का काम करने वाली युवती की शिकायत पर भंवरकुआ पुलिस ने कमलेश पुत्र राजाराम सोलंकी, निवासी बड़वानी, के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के मुताबिक दोनों की पहचान इंस्टाग्राम के जरिए हुई थी। अगस्त 2025 में कमलेश ने युवती से शादी की बात कही। इसके बाद दोनों तीन इमली इलाके में किराए का कमरा लेकर साथ रहने लगे। पीड़िता के मुताबिक 10 अगस्त 2026 को कमलेश ने शादी करने से इनकार कर दिया।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 231वीं पुण्यस्मृति कार्यक्रम को किया संबोधित

# देवी अहिल्याबाई होल्कर के सुशासन और न्यायप्रियता ने देश-प्रदेश को किया गौरवान्वित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर मालवा की ऐसी शासिका थीं, जिनके कारण मध्यप्रदेश और देश गौरवान्वित होता है। उन्होंने अपने शासनकाल में सुशासन और न्यायप्रियता के प्रतिमान स्थापित किए। राज्य सरकार ने देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती के अवसर पर इंदौर के राजवाड़ा में विशेष कैबिनेट कर उनके योगदान का स्मरण किया। देवी अहिल्याबाई होल्कर सुशासन की प्रतिमूर्ति थीं। उनकी सेवा, साधना, न्याय, त्याग सहित जीवन के प्रत्येक पक्ष के आधार पर हमारी सरकार जनसेवा, सुशासन, महिला सशक्तिकरण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के साथ सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मूलमंत्र के साथ काम कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 231वीं



पुण्यतिथि के अवसर पर अखिल भारतीय गड़रिया महासभा की ओर से आयोजित पुण्यस्मृति दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रवींद्र भवन में आयोजित पुण्यस्मृति कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया तथा लोकमाता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अवसर पर जागो नारी जागो पुस्तक का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लोकमाता देवी अहिल्या के श्रीचरणों का पूजन किया। उन्हें इस अवसर पर देवी अहिल्या की प्रतिमा और चित्र भेंट किए गए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का इस अवसर पर गजमाला पहनाकर अभिवादन किया गया। कार्यक्रम को समाजसेवी जागृति पाल ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक श्री भगवानदास सबनानी, पूज्य संत दादा गुरुजी, पूर्व राज्यसभा सदस्य पद्मश्री डॉ. विक्रम महात्मे, समाजसेवी श्री राजेश श्रीपाल सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में पाल-गड़रिया समाज जन उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पाल-गड़रिया समाज का गौ वंश के प्रति सेवाभाव गोपाल कृष्ण के समान हैं। राज्य सरकार पाल-गड़रिया समाज के सुख-दुःख और जनकल्याण के कार्यों के लिए सदैव तत्पर है। सरकार ने प्रदेश की आर्थिक समृद्धि के लिए दूध उत्पादन बढ़ाने का लक्ष्य रखा है, किसानों की आय बढ़ाने के लिए पशुपालन को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अखिल भारतीय गड़रिया समाज के प्रतिनिधियों की मांग पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पाल-गड़रिया समाज के लिए समाज कल्याण बोर्ड का गठन करने की घोषणा की। अखिल भारतीय गड़रिया महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मोती श्रीपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने काशी में देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा स्थापित कर हमारा मान बढ़ाया है। लोकमाता देवी अहिल्याबाई ने यह सुनिश्चित किया कि जनसेवा ही सत्ता का प्रमुख उद्देश्य हो। उन्होंने देशभर में मंदिर-मठों का जीर्णोद्धार कराया। नए मंदिर, धर्मशालाएं, कुंए और नदियों पर घाटों का निर्माण कराया। समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक सुशासन और न्याय की पहुंच सुनिश्चित की।

# अब प्रदेश में 24 घंटे खुलेंगे दुकानें-होटल और मॉल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश में अब दुकानें, होटल, रेस्टोरेंट, मॉल और दूसरे व्यावसायिक प्रतिष्ठान 24 घंटे और सातों दिन खुले रखे जा सकेंगे। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने 'मध्य प्रदेश कार्यस्थल सशक्तिकरण संहिता (श्रम शक्ति संहिता), 2026' को मंजूरी दे दी है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि कर्मचारियों से लगातार दिन-रात काम कराया जाएगा। कर्मचारियों की ड्यूटी शिफ्ट में लगानी होगी और तय समय के बाद शिफ्ट बदलनी होगी।**

नई व्यवस्था में कर्मचारी के काम के घंटे तय रहेंगे। एक सप्ताह में कर्मचारी से अधिकतम 48 घंटे काम कराया जा सकेगा। अतिरिक्त काम के लिए कर्मचारी की सहमति जरूरी होगी और ओवरटाइम का भुगतान भी तय नियमों के मुताबिक करना होगा। इससे लोगों को रात में भी खरीदारी या होटल-रेस्टोरेंट की सुविधा मिल सकेगी। खासतौर पर बड़े मॉल, होटल, रेस्टोरेंट और अन्य प्रतिष्ठानों को 24 घंटे कारोबार करने का मौका मिलेगा। अब दुकान या प्रतिष्ठान का बार-बार रजिस्ट्रेशन और रिन्यूअल कराने की जरूरत नहीं होगी। एक बार ऑनलाइन पंजीयन कराने के बाद प्रमाण-पत्र और एक यूनिक पहचान नंबर मिलेगा। बाद में दुकान या प्रतिष्ठान की जानकारी में कोई बदलाव होता है तो उसे ऑनलाइन अपडेट करना होगा।

नई संहिता में कर्मचारियों की सुरक्षा पर भी जोर दिया गया है। प्रतिष्ठान मालिकों को काम की जगह पर साफ-सफाई, सुरक्षा उपकरण, आग से बचाव और आपात स्थिति से निपटने की व्यवस्था करनी होगी। किसी हादसे या खतरे की स्थिति में अधिकारी जांच कर कार्रवाई कर सकेंगे। महिला कर्मचारियों के लिए भी सुरक्षित माहौल और काम से जुड़े सुरक्षा प्रावधान किए गए हैं।

# उज्जैन के नागचंद्रेश्वर मंदिर में दर्शन की ऑनलाइन बुकिंग शुरू

● 11 स्लॉट में चुन सकेंगे समय, शीघ्र दर्शन के लिए देने होंगे 300 रुपए



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। महाकाल मंदिर परिसर में स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर के पट 17 अगस्त को रात 12 बजे खुलेंगे। इसी दिन श्रावण माह का तीसरा सोमवार है और भगवान महाकाल की सवारी भी निकलेगी। इस संयोग के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के उज्जैन पहुंचने की संभावना है। नागचंद्रेश्वर मंदिर में शीघ्र दर्शन के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो गई है। इसके लिए श्रद्धालुओं को 300 रुपए शुल्क देना होगा।**

शीघ्र दर्शन के लिए श्रद्धालु महाकाल मंदिर की आधिकारिक वेबसाइट पर मोबाइल नंबर डालकर पहले पासवर्ड बनाएंगे। इसके बाद रात 12 बजे से अगले 24 घंटे के लिए 11 अलग-अलग स्लॉट दिखाई देंगे। श्रद्धालु अपनी सुविधा के अनुसार स्लॉट चुनकर शीघ्र दर्शन की बुकिंग करा सकेंगे। बुकिंग पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होगी।

## गेट-5 से प्रवेश, टिकट का प्रिंट आउट जरूरी

महाकाल मंदिर की सहायक प्रशासक आशीष पलवाडिया ने बताया कि शीघ्र दर्शन टिकट का प्रिंट आउट साथ लाना अनिवार्य है। शीघ्र दर्शन के लिए हरसिद्धि पाल से बड़ा गणेश गली होते हुए गेट नंबर-5 से प्रवेश निर्धारित किया गया है। बता दें की दिर परिसर में मोबाइल फोन प्रतिबंधित रहेंगे। श्रद्धालुओं को निर्धारित समय और प्रवेश द्वार का पालन करने के लिए कहा गया है। टिकट केवल आधिकारिक वेबसाइट से बुक करने और किसी अनधिकृत व्यक्ति से संपर्क न करने की अपील की गई है।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....

व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....

कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

"डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें।

समाज में जागरुकता फैलाये।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com

# संपादकीय

## मंच का शुद्धिकरण या मानसिकता का प्रदूषण?

उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की रैली के बाद कार्यक्रम स्थल का कथित रूप से 'शुद्धीकरण' किया गया। इस घटना को लेकर कांग्रेस बीजेपी और केंद्र व उत्तराखंड सरकार के खिलाफ आक्रामक है। इस घटना की बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की प्रमुख मायावती ने कड़ी निंदा की है। उन्होंने यह निंदनीय कृत्य करने वालों को जेल भेजने की मांग की है। उन्होंने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत से भी इस घटना को संज्ञान में लेने के लिए कहा है। बीएसपी प्रमुख मायावती ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा है, 'उत्तराखंड राज्य के हल्द्वानी में अभी हाल ही में कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के प्रोग्राम के बाद उनके मंच का दलित होने की वजह से शुद्धिकरण किया गया है। यह जानकारी कल संसद के जरिए भी देश को मिली है। यह मामला अति निंदनीय और चिंतनीय है। वहां की सरकार बिना कोई देरी किए हुए ऐसे जातिवादी और सामंती तत्वों के विरुद्ध सख्त कानूनों के तहत उचित कार्रवाई करके उन्हें जेल भेजे।' मायावती ने कहा है कि, 'इस घटना के सम्बंध में आरएसएस के मुखिया को भी संज्ञान लेकर जरूर गंभीरता से सोचना चाहिए, जो कि दलितों के आर्थिक तौर पर थोड़ा मजबूत हुए लोगों को आरक्षण से वंचित करने की बात कर रहें हैं। इसके अलावा अभी हाल ही में महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिरोमणि अकाली दल के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल पर किए गए हमले की घटना भी अति दुखद व चिंतनीय है। केंद्र व महाराष्ट्र की सरकार इस घटना को पूरी गंभीरता से लेते हुए दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई करे।' उत्तराखंड के हल्द्वानी में स्थित रामलीला मैदान में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की 8 अगस्त को रैली हुई थी। इस आयोजन के बाद कथित तौर पर कार्यक्रम स्थल का 'शुद्धिकरण अनुष्ठान' किया गया। यह मामला संसद तक पहुंच गया। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस घटना को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में किसी व्यक्ति के साथ उसके सामाजिक या जातीय परिचय के आधार पर इस तरह का व्यवहार गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने सवाल पूछा कि क्या सार्वजनिक मंच पर इस तरह की कार्रवाई संविधान और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का उदाहरण मानी जा सकती है। कांग्रेस ने इस को लेकर बीजेपी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर निशाना साधा। कांग्रेस ने इसे दलित-विरोधी सोच का प्रमाण बताया। कांग्रेस की महासचिव एवं उत्तराखंड की प्रभारी सैलजा ने कहा कि खरगे ने हल्द्वानी के रामलीला मैदान में रैली को संबोधित किया और प्रशासन की ओर से रैली रोकने की कथित कोशिशों के बावजूद कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि, 'भाजपा ने अपनी ओछी मानसिकता का सबूत भी हल्द्वानी में दिया है। खरगे जी का जहां कार्यक्रम हुआ, उस जगह का शुद्धिकरण किया गया। ये पूरी तरह से भाजपा-आरएसएस की दलित-विरोधी सोच का प्रमाण है।'

### स्वतंत्रता दिवस विशेष

# भारत की स्वतंत्रता का उत्सव



## देशभक्ति और उत्सव का दिन

भारत का स्वतंत्रता दिवस, जो हर साल 15 अगस्त को मनाया जाता है, ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन से देश की मुक्ति का प्रतीक है। यह महत्वपूर्ण दिन पूरे देश को स्वतंत्रता, देशभक्ति और एकता के सामूहिक उत्सव में एकजुट करता है। एक पर्यटक के रूप में, भारत के स्वतंत्रता दिवस का अनुभव करना इसकी विस्मयकारी इतिहास और संस्कृति में डूबने का एक अवसर है।

## एक राष्ट्र का जन्म

स्वतंत्रता दिवस भारत के इतिहास के एक महत्वपूर्ण मोड़ की याद दिलाता है, जब भारत दो शताब्दियों से अधिक के ब्रिटिश उपनिवेशवाद से मुक्त हुआ। 15 अगस्त, 1947 को भारत विदेशी शासन की बेड़ियों से मुक्त हुआ। यह दिन भारत के उन स्वतंत्रता सेनानियों के अथक संघर्ष, बलिदान और दृढ़ संकल्प का प्रतीक है जिन्होंने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। स्वतंत्रता दिवस का प्रभाव ऐतिहासिक महत्व से कहीं अधिक है; यह भारत के नागरिकों में देशभक्ति की गहरी भावना का संचार करता है। यह राष्ट्र की सेवा करने की प्रतिज्ञा को नवीकृत करने का दिन है।

## तिरंगे का फहराना

स्वतंत्रता दिवस भारत में एक राष्ट्रीय अवकाश है, जिसे बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाता है। उत्सवों का केंद्र राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली है, जहाँ प्रतिष्ठित इमारतें और सड़कें राष्ट्रीय ध्वज के तिरंगे से सजी होती हैं। इस दिन का मुख्य आकर्षण ऐतिहासिक लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज का औपचारिक फहराना है, जिसके बाद प्रधानमंत्री का राष्ट्र के नाम संबोधन होता है। पूरे देश में स्कूलों, कॉलेजों और कार्यस्थलों पर ध्वजारोहण समारोह आयोजित किए जाते हैं। लोग ध्वजों का गर्वपूर्वक प्रदर्शन करके, देशभक्ति के प्रतीक चिन्हों से सजे वस्त्र पहनकर, देशभक्ति के गीत सुनकर और अपने परिवेश को देशभक्ति के प्रतीकों से सजाकर तिरंगे को अपनाते हैं। यह उत्सव का दिन है जिसमें भारत की विरासत और इतिहास पर केंद्रित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। परंपरा के अनुसार, सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के कर्मियों को वीरता पुरस्कारों की घोषणा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर की जाती है।

## पतंगों और रोशनी की सुंदरता और चमक



देश भर का आकाश रंग-बिरंगी पतंगों से जगमगा रहा है, लोग स्वतंत्रता के इन खूबसूरत प्रतीकों को आसमान में ऊँचाई पर उड़ते देखकर खुशी मना रहे हैं। इस दिन पतंगबाजी प्रतियोगिताएं एक चिरस्थायी परंपरा हैं। स्वतंत्रता दिवस की रात इमारतें हजारों रोशनी और राष्ट्रीय ध्वज के रंगों से जगमगा उठती हैं, जिससे एक मनमोहक दृश्य बनता है। राष्ट्रपति भवन, संसद भवन और दक्षिण एवं उत्तर ब्लॉक में स्थित केंद्रीय सरकारी कार्यालय गौरव और शान से चमक उठते हैं।

## भारत-पाकिस्तान सीमा पर श्रद्धांजलि अर्पित

एक असाधारण अनुभव के लिए, भारत-पाकिस्तान सीमा, विशेष रूप से अटारी-वाघा की यात्रा अवश्य करें, जहाँ पराजय समारोह आयोजित होता है। यहाँ आप भारतीय सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों की भव्य परेड देखेंगे। इस शानदार दृश्य के अलावा, यह समारोह मातृभूमि के लिए प्राणों की आहुति देने वाले उन गुमनाम नायकों को भावभीनी श्रद्धांजलि है।

## देशभक्ति के रोमांच का अनुभव करें

एक पर्यटक के रूप में, आपके पास भारत के स्वतंत्रता दिवस समारोह को देखने और उसमें भाग लेने का अनूठा अवसर है। अपने दिन की शुरुआत पास में आयोजित ध्वजारोहण समारोह से करें। राष्ट्रगान की गूंज सुनाई देगी और देशभक्ति की भावना जीवंत हो उठेगी। तिरंगे रंग के परिधान और आभूषण पहनकर उत्सव में शामिल हों और भारतीय स्वतंत्रता की भावना के प्रति अपनी एकजुटता दिखाएं। स्थानीय बाजारों में घूमें, जहां विक्रेता तिरंगे रंग से संबंधित सामान, जैसे कपड़े, झंडे और आभूषण बेचते हैं, ताकि आप इस ऐतिहासिक दिन की यादगार अपने साथ घर ले जा सकें। शाम को, दिल्ली के इंडिया गेट जैसे प्रसिद्ध स्थानों पर जाएं या भारत के इतिहास को दर्शाने वाले किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हों।

## स्वतंत्रता और एकता का जश्न मनाते हुए

भारत का स्वतंत्रता दिवस महज़ एक ऐतिहासिक घटना नहीं है; यह वह दिन है जो राष्ट्र को स्वतंत्रता, गौरव और देशभक्ति के उत्सव में एकजुट करता है। एक पर्यटक के रूप में, आपको इस शानदार उत्सव में भाग लेने और भारत तथा उसके लोगों के अदम्य साहस का प्रत्यक्ष अनुभव करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आइए, इस असाधारण दिन का हिस्सा बनें।

Uttarakhand

# उत्तराखंड के चमोली की टनल में बड़ा हादसा मलबा और पानी घुसने से 7 मजदूरों की मौत

**चमोली, उत्तराखंड, (एजेंसी)** उत्तराखंड के चमोली जिले में एक निर्माणाधीन सुरंग में गुरुवार को पानी और मलबा घुसने से 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 11 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सुरंग के अंदर 28 श्रमिक फंस गए थे। इनमें से 22 लोगों को बाहर निकाल लिया गया जिनमें सात को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि 11 घायल श्रमिकों का नजदीकी अस्पताल में इलाज चल रहा है। कम से कम 6 लोग अभी भी लापता हैं।

अधिकारियों ने बताया कि यह हादसा पीपलकोटी क्षेत्र में टिहरी हाइड्रो डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (THDC)



लिमिटेड की परियोजना स्थल पर हुआ। यहां निर्माण कार्य हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी (HCC) द्वारा किया जा रहा है। इससे पहले उत्तराखंड के मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया था कि पीपलकोटी जलविद्युत परियोजना की सुरंग में पानी और मलबा घुसने से कई श्रमिक फंस गए थे।

NDRF के इंस्पेक्टर अमृत लाल मीणा ने बचाव अभियान की जानकारी देते हुए बताया, 'जैसे ही हमें सूचना मिली तो हमारी टीम मौके पर पहुंची और ऑपरेशन शुरू किया। टनल में बहुत ज्यादा पानी भरा हुआ था, पानी का स्तर छाती से ऊपर तक था। मैं और मेरी टीम के 5 सदस्य टनल के अंदर गए, जबकि हमारी यूनिट के बाकी लोग बाहर रहकर उपकरण तैयार करने और दूसरे काम संभालने में लगे रहे।

Noida

### ग्रेटर नोएडा में आग का तांडव

## फर्नीचर मार्केट की दुकान में लगी आग, दम घुटने से युवक की मौत, एक की हालत गंभीर



**ग्रेटर नोएडा, (एजेंसी)** ग्रेनो वेस्ट के शाहबेरी स्थित फर्नीचर मार्केट में गुरुवार देर रात सीएनसी लकड़ी कटिंग की दुकान में आग लगने से अफरातफरी मच गई। दुकान के अंदर फंसे दो युवकों को दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला। दोनों युवक आग और धुएं के कारण बहोश मिले। उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। दूसरे की हालत गंभीर होने पर उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार, गुरुवार की देर रात बिसरख क्षेत्र के शाहबेरी में सीएनसी लकड़ी कटिंग करने वाली दुकान में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही फायर सर्विस यूनिट और स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। आग की स्थिति को देखते हुए विद्युत विभाग से संपर्क कर इलाके की बिजली आपूर्ति बंद कराई गई, ताकि राहत और बचाव कार्य के दौरान किसी तरह का अतिरिक्त खतरा न रहे। इसके बाद दमकल कर्मियों ने दुकान के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया। काफी प्रयास के बाद टीम ने दुकान के अंदर से दो युवकों अल्तमस और अमन को बाहर निकाला। दोनों उस समय बेहोश थे। दमकल कर्मियों और पुलिस ने दोनों को तत्काल उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया।

Uttarpradesh

## स्कूल जाने के बजाय प्रेमी के घर पहुंचीं 2 छात्राएं, फंदे पर झूलीं... एक की मौत

**सहारनपुर, (एजेंसी) उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जहां चिलकाना थाना क्षेत्र में 11वीं कक्षा की 2 नाबालिग छात्राओं ने एक युवक के घर के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगा लिया। इस खौफनाक कदम की वजह से एक छात्रा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि दूसरी छात्रा फंदा टूटने के कारण नीचे गिर गई और गंभीर हालत में बेहोश मिली। घटना के बाद से आरोपी युवक मौके से फरार है।**

पूरा मामला सुल्तानपुर कस्बे के मोहल्ला मंदिर जी का है। परिजनों के अनुसार, दोनों छात्राएं सुबह करीब 7:30 बजे हमेशा की तरह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थीं। जब सुबह 9 बजे तक दोनों स्कूल नहीं पहुंचीं, तो परिजनों ने तलाश शुरू की। छानबीन के दौरान परिजनों को पता चला कि दोनों छात्राएं अपने एक दोस्त के घर गई हैं।

Rajasthan

## न टीचर हैं, न स्कूल की बिल्डिंग पढ़ने लायक... अलवर में छात्रों और गांववालों ने लगाया ताला

**अलवर, (एजेंसी)** राजस्थान के अलवर जिले के जोधवास में सरकारी उच्च माध्यमिक स्कूल पर गुरुवार को छात्रों और गांववालों ने ताला लगा दिया. उनका आरोप है कि स्कूल की इमारत जर्जर है और शिक्षकों की कमी है. इसी को लेकर बीते दिन Gen-अल्फा कहे जाने वाले स्कूली छात्रों का सुबह से शाम तक विरोध चला और शिक्षा विभाग के अफसरों से कई दौर की बातचीत हुई.

गांववालों और छात्रों का कहना है कि स्कूल में 174 छात्र हैं, लेकिन पढ़ाई के लिए सिर्फ 3 कक्षाएं उपलब्ध हैं. बारिश के दौरान कमरों की छत से पानी टपकता है. उनका कहना है कि ऐसे हालात में बच्चों की पढ़ाई और सुरक्षा दोनों पर असर पड़ रहा है. इसी वजह से उन्होंने स्कूल पर ताला लगाकर विरोध दर्ज कराया. गांववालों के मुताबिक, बुधवार





को स्कूल की एक इमारत की छत का स्लैब गिर गया था. उस समय वहां कोई छात्र मौजूद नहीं था, इसलिए कोई घायल नहीं हुआ. उनका कहना है कि स्कूल की 2 इमारतों को पहले ही असुरक्षित घोषित किया जा चुका है, लेकिन अब तक उन्हें गिराया नहीं गया है. इसी घटना के बाद छात्रों और गांववालों में नाराजगी बढ़ गई.

खेल

# प्रज्ञानंद को कीमर के खिलाफ मिली हार 1.5 अंक के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानंद को सिंकफील्ड कप के तीसरे दौर में जर्मनी के विंसेंट कीमर के खिलाफ संघर्षपूर्ण मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। ग्रैंड चेस टूर के इस टूर्नामेंट में हार के बाद प्रज्ञानंद 1.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर हैं। प्रज्ञानंद ने मुकाबले की शुरुआत अच्छी की, लेकिन बाद में एक बड़ी गलती कर बैठे, जिसका कीमर ने पूरा फायदा उठाया। मुकाबला अंत में चेकमेट के साथ समाप्त हुआ, जो शीर्ष स्तर के ग्रैंडमास्टर मुकाबलों में कम ही देखने को मिलता है। तीन दौर के बाद प्रज्ञानंद के खाते में 1.5 अंक हैं और टूर्नामेंट में अभी छह दौर बाकी हैं। 4,75,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि वाले नौ दौर के इस टूर्नामेंट में कुल 10 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

**वेस्ली सो बने एकमात्र शीर्ष पर-** दिन की सबसे बड़ी जीत अमेरिका का प्रतिनिधित्व कर रहे फिलीपींस मूल के वेस्ली सो ने दर्ज की। उन्होंने अमेरिका के शीर्ष खिलाड़ी फैबियानो करूआना को मात देकर लगातार दूसरी जीत हासिल की। इस जीत के साथ वेस्ली सो 2.5 अंकों के साथ टूर्नामेंट में एकमात्र शीर्ष स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके बाद अमेरिका के लेवोन एरोनियन और फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव दो-दो अंकों के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। प्रज्ञानंद के अलावा करूआना, कीमर और अमेरिका के सेवियन सैमुअल्स के भी 1.5-1.5 अंक हैं। उज्बेकिस्तान के जावोखिर सिंदारोव और नीदरलैंड्स के अनीश गिरी के एक-एक अंक हैं, जबकि जॉर्डन वान फॉरेस्ट 0.5 अंक के साथ सबसे नीचे हैं।

**गिरी को सेवियन ने हराया-** अन्य मुकाबलों में सेवियन सैमुअल्स ने अनीश गिरी को एक लंबे मुकाबले में हराया। यह बाजी 100 से अधिक चालों तक चली। वहीं सिंदारोव और वाचियर-लाग्रेव के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। एरोनियन और जॉर्डन वान फॉरेस्ट के बीच भी बाजी बराबरी पर समाप्त हुई। सिंकफील्ड कप में प्रज्ञानंद के पास अब वापसी का मौका होगा और वह बचे हुए छह दौर में बेहतर प्रदर्शन कर शीर्ष स्थान की दौड़ में फिर से जगह बनाने की कोशिश करेंगे।

सिनेमा

## कियारा आडवाणी ने प्रेग्नेंसी में शूट की 'टॉक्सिक', टेंशन में रहते थे यश, बोले- बॉडीगार्ड की तरह रखा ध्यान



साउथ सुपरस्टार यश की मचअवेटेड फिल्म टॉक्सिक का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. गुरुवार को फिल्म के एल्बम लॉन्च इवेंट में यश ने फिल्म की सभी हसीनाओं की तारीफ की. उन्होंने हुमा कुरैशी को चैलेंजिंग, रुक्मिणी वसंत को लंबी रेस का घोड़ा, तारा सुतारिया को स्टनिंग और कियारा आडवाणी को डेडिकेटेड बताया. यश ने कियारा की इवेंट में जमकर तारीफ की. यश के मुताबिक, जिस तरह कियारा ने प्रेग्नेंट होने के बावजूद काम के प्रति खुद को समर्पित रखा, वो काबिले तारीफ है. उन्होंने कहा कि कियारा ने फिल्म के लिए पूरी मेहनत और लगन से काम किया. यश ने कियारा का उनकी फिल्म से जुड़ने के लिए आभार जताया. ये भी कहा कि एक्ट्रेस की मेहनत ने इस फिल्म को खास बना दिया है. इवेंट के दौरान यश से कियारा के साथ काम करने के एक्सपीरियंस के बारे में पूछा गया. जवाब में उन्होंने कहा- वो एक प्रोफेशनल एक्ट्रेस हैं. जब वो फिल्म से जुड़ीं तो मैं थोड़ा परेशान था. क्योंकि उनका रोल काफी डिमांडिंग था. फिल्म की शूटिंग काफी मुश्किल और मेहनत वाली थी. मैंने कियारा से पूछा- क्या उन्होंने इससे पहले रेन सीक्वेंस शूट किया है. जवाब में कियारा ने कहा कि नहीं. बावजूद इसके जिस तरह से कियारा ने काम को लेकर डेडिकेशन दिखाई, उसने मुझे हैरान किया. कियारा ने फिल्म के लिए खुद को पूरी तरह समर्पित कर दिया. यश ने कियारा की प्रेग्नेंसी की जर्नी पर कहा- उन्होंने प्रेग्नेंट होने के बाद भी फिल्म को 100 प्रतिशत कमिटमेंट के साथ पूरा किया है. शूटिंग के दौरान मैं और डायरेक्टर गीतू मोहनदास कियारा को लेकर चिंतित रहते थे.

## Highlights

1. BRS performed black magic to defame Congress govt: T'gana CM Reddy
2. Karnataka approves bill requiring permission for using public property, could affect RSS
3. India secures return of fugitive drug kingpin Virender Singh Basoya from UAE
4. Pak PM rants against India again over Indus water, says 'Every single drop is a red line'
5. Mysuru Police warn of strict action during Karnataka bandh
6. K'taka's Mysuru trekkers cross 14,100-ft Hampta Pass in Himalayas
7. Shiny becomes 1st woman commercial pilot from Udupi district

# N Chandrasekaran's decision to step down creates immediate succession challenge for Tata Sons



**NEW DEIHI, (Agency).** After a 40-year association with the Tata Group, Natarajan Chandrasekaran on Wednesday said he had decided to step down as chairman of Tata Sons when his current term ends, citing lack of unanimous support for his reappointment from the board of the holding company of the salt-to-software conglomerate.

Shares of the group's listed companies lost $4.5 billion in market value after the announcement. Tata Consultancy Services, slumped 3.9% and was the biggest loser on the Nifty, dragging benchmark indexes lower. Jaguar Land Rover-parent Tata Motors Passenger Vehicles closed down 1.3%, while jeweller Titan and Tata Steel slipped 0.6% and 1.1%, respectively.

The decision came days before the Tata Sons annual general meeting, scheduled for 18 August, and caught Tata Trusts chairman Noel Tata and most of the trustees off guard, two executives aware of the development said. Tata Trusts owns 65.9% of Tata Sons.

On Wednesday evening, Chandrasekaran called about two dozen senior Tata Group executives to Starbucks on the ground floor of Bombay House, the corporate headquarters of Tata Sons, according to people aware of the development.

In a 20-minute pep talk, he sought to assuage concerns among employees, telling them that Tata was a revered name with a strong talent pool. He signed off by telling them not to take the interaction as his farewell speech, as he would remain with the Tata Group until February.

Chandrasekaran, who was first appointed chairman of Tata Sons in February 2017, began a second five-year term in 2022. His current term ends on 20 February 2027.

Tata Trusts had agreed in July 2025 to recommend a fresh five-year term for Chandrasekaran. The recommendation was subsequently taken up by the Tata Sons board on 24 February.

However, the proposal was not carried through after Noel Tata sought a clear roadmap for the performance of some of the new businesses launched under Chandrasekaran's watch, including e-commerce, aviation and semiconductors, according to a person familiar with the matter.

### *Chandrasekaran cites lack of unanimous board support*

In his resignation letter on Wednesday, Chandrasekaran said his decision not to seek another term was linked to the reappointment proposal not receiving unanimous support from the board.

"My current tenure as the Chairman of Tata Sons comes to an end on Feb 20, 2027. Sir Dorabji Tata Trust and Sir Ratan Tata Trust had unanimously resolved and recommended the extension of my next term for a period of five years, which was recorded and recommended by the Tata Sons Nomination and Remuneration Committee and the Board," Chandrasekaran wrote in his letter.

# आय से 216 प्रतिशत अधिक संपत्ति का आरोप

## लोकायुक्त ने सहायक राजस्व अधिकारी के ठिकानों पर मारा छापा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकायुक्त पुलिस इंदौर ने शुक्रवार को नगर पालिक निगम इंदौर के सहायक राजस्व अधिकारी जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के खिलाफ बड़ी सर्च कार्रवाई की। लोकायुक्त टीम ने अधिकारी के इंदौर स्थित दो ठिकानों पर एक साथ छापामार कार्रवाई शुरू की। टीम द्वारा दस्तावेजों तथा संपत्तियों से संबंधित अन्य रिकॉर्ड की जांच की जा रही है।**

लोकायुक्त पुलिस के अनुसार, सूत्रों से मिली शिकायत और प्राथमिक जानकारी के आधार पर जितेन्द्र कुमार के खिलाफ आय से अनुपातहीन संपत्ति अर्जित करने की जांच शुरू की गई थी। अधिकारी पर आरोप है कि करीब 31 वर्ष के सेवाकाल के दौरान उनकी वैध आय की तुलना में काफी अधिक संपत्ति और निर्माण कार्यों पर राशि खर्च की गई।





जांच में सामने आया कि जितेन्द्र कुमार की पत्नी भावना पाण्डेय के नाम से आनंद नगर एक्सटेंशन, नवलखा-चितावद, गजाधर नगर क्षेत्र में 40 बाय 50 फीट के भूखंड क्रमांक 23 पर जी+3 भवन का निर्माण कराया गया है। लोकायुक्त के प्रारंभिक आकलन के अनुसार इस भवन के निर्माण पर करीब 1 करोड़ 20 लाख रुपये खर्च किए गए हैं। इसी तरह गजाधर नगर, चितावद स्थित गुलमोहर का बगीचा क्षेत्र में भूखंड क्रमांक 32 पर भी पत्नी के नाम से जी+2 भवन का निर्माण कराया गया है। यहां छात्रावास संचालित किए जाने की जानकारी सामने आई है। इस भवन के निर्माण पर करीब 91 लाख 50 हजार रुपये खर्च होना बताया गया है।

इसके अलावा अधिकारी की पत्नी, पुत्र और पुत्री के नाम से चार पहिया और दो पहिया वाहन खरीदने तथा अन्य खर्चों में करीब 14 लाख रुपये व्यय किए जाने का प्रारंभिक अनुमान लगाया गया है। लोकायुक्त पुलिस के मुताबिक, अधिकारी को पूरे सेवाकाल में लगभग 80 लाख रुपये का वेतन प्राप्त होना अनुमानित है, जबकि विभिन्न संपत्तियों, भवन निर्माण, वाहन और अन्य मदों में करीब 2 करोड़ 53 लाख रुपये का खर्च सामने आया है। प्राथमिक गणना के अनुसार करीब 1 करोड़ 73 लाख 8 हजार 69 रुपये की राशि वैध आय से अधिक पाई गई है, जो वैध आय की तुलना में लगभग 216.35 प्रतिशत अनुपातहीन बताई गई है। हालांकि, सर्च कार्रवाई पूरी होने और दस्तावेजों की विस्तृत जांच के बाद वास्तविक आंकड़ों में बदलाव संभव है।

लोकायुक्त पुलिस ने जितेन्द्र कुमार के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण संशोधन अधिनियम 2018 की धारा 13(1)(बी) एवं 13(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। टीम द्वारा दोनों ठिकानों पर संपत्ति से जुड़े दस्तावेज, वित्तीय रिकॉर्ड और अन्य महत्वपूर्ण सामग्री की जांच की जा रही है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त इंदौर राजेश सहाय के नेतृत्व में की जा रही है।

### पति-बच्चों के साथ इंदौर आ रही महिला बाइक से गिरी

# सिर में लगी चोट, इलाज के दौरान अस्पताल में तोड़ा दम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर बायपास पर डीपीएस स्कूल के पास बुधवार देर शाम सड़क हादसे में एक महिला की मौत हो गई। महिला अपने पति



और दो बच्चों के साथ बाइक से घर लौट रही थी। सड़क खराब होने के कारण पति ने बाइक धीमी की, इसी दौरान महिला पीछे की तरफ गिर गई। सिर में गंभीर चोट लगने पर पति उसे ऑटो से अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक मृतका की पहचान सपना (30) पत्नी सुरेश बारेले निवासी गुराड़ ग्राम सांवेर के रूप में हुई है। सपना अपने मायके राजपुरा गई थी। बताया गया कि बहन और उसके पति के बीच हुए विवाद को लेकर वह परिवार से मिलने पहुंची थी। बुधवार शाम पति सुरेश और दो बच्चों के साथ बाइक से लौटते समय हादसा हो गया। पुलिस के अनुसार सुरेश मिस्त्री का काम करता है। हादसे के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो अन्य सड़क हादसों में भी मौत

भंवरकुआ क्षेत्र में 9 जून को हादसे में घायल हुए भूरे (24) पुत्र रामलाल निवासी सुंदेल देवास की बुधवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक भूरे जिम के पास बाइक चलाते समय डिवाइडर से जा टकराया था। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

इसी तरह होलकर ब्रिज के पास बुधवार रात हुए हादसे में घायल प्रशांत पुत्र सतीश निवासी तलावली चांदा की भी मौत हो गई। हादसे के बाद उसे 108 एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया था। दोनों मामलों में पुलिस हादसे के कारणों की जांच कर रही है।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक